राजस्थान–सरकार

# न्यायालय जिला कलक्टर एवं प्रथम अपीलेट अधिकारी, भीलवाड़ा

## (सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005)

**पीठासीन अधिकारी आशीष मोदी (आई.ए.एस.)**

प्रकरण संख्या :– **52/2023 अपील सू.प्र.**

## उनवान

| | | |
|---|---|---|
| अकबर खां पुत्र खुदाबक्ष सलावट निवासी पोस्ट पारोली वाया पण्डेर तहसील जहाजपुर<br>––अपीलार्थी | **बनाम** | प्रभारी अधिकारी (अभिलेख अनुभाग) एवं लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, भीलवाड़ा<br>––प्रत्यर्थी |

## अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

## निर्णय

दिनांक 19-12-2023

अपीलार्थी की ओर से यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 (1) के अन्तर्गत प्रभारी अधिकारी (अभिलेख अनुभाग) एवं लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, भीलवाड़ा के विरूद्ध दिनांक 07.08.2023 को प्राप्त हुई, जिसमें अपीलार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि अपीलार्थी ने विहित अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत निर्धारित शुल्क राशि 10/– रूपये का पोस्टल ऑर्डर संख्या 60 एफ 534588 के साथ एक आवेदन पत्र दिनांक 03.07.2023 को लोक सूचना अधिकारी को प्रेषित किया, किन्तु सूचना प्राप्त नहीं हुई।

प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में दिनांक 12.06.2023 को पंजीबद्ध की जाकर अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को सूचना पत्र जारी किये गये। प्रत्यर्थी प्रभारी अधिकारी (अभिलेख अनुभाग) एवं लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, भीलवाड़ा द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक 61087 दिनांक 18.09.2023 से रिपोर्ट प्राप्त हुई। अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के तथ्य इस प्रकार हैं :–

1. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्र के क्रम में सूचना/जवाब कार्यालय जिला अभिलेखालय, जिला कलक्टर, भीलवाड़ा के पत्र क्रमांक/अभि./2023/61071–72 दिनांक 03.08.2023 से अपीलार्थी/प्रार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित कर दी गयी है।

उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना प्रेषित कर दिये जाने से अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है।

आदेश आज दिनांक 19-12-.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर जारी किया गया।

न्यायालय जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.)

(आशीष मोदी)
जिला कलक्टर एवं
प्रथम अपीलेट अधिकारी
भीलवाड़ा

जिला कलक्टर
भीलवाड़ा